# इण्टरमीडिएट परीक्षा, 2013

## जीव विज्ञान-द्वितीय प्रश्नपत्र ( वनस्पति विज्ञान )

समय : 3 घण्टे, 15 मिनट]　　377 (JI)　　[पूर्णांक : 35

**निर्देश :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**1.** उस कवक का वानस्पतिक नाम लिखिए जिसमें कूट कवक जाल पाया जाता है ? 1

**2.** स्पर्शानुकुंचनी गति दिखाने वाला एक पौधा का नाम लिखिए। 1

**3.** उस पौधे का वानस्पतिक नाम तथा कुल लिखिए जिससे लाल मिर्च पायी जाती है। 1

**4.** किसी शैवाल का नाम लिखिए जो नाइट्रोजन स्थिरीकरण में भाग लेता है। 1

**5.** माइटोकांड्रिया की संरचना तथा कार्य का वर्णन कीजिए। 1+1=2

**6.** द्विबीजपत्री तथा एकबीजपत्री तने की आन्तरिक रचना में तुलना कीजिए। 2

**7.** पादप हारमोंस की कृषि में भूमिका का उल्लेख कीजिए। 2

**8.** (अ) **साइकस** के प्रवाल मूल (कोरेलॉयड जड़) के अनुप्रस्थ काट का नामांकित चित्र बनाइए।

(ब) प्रजातियों में प्रतियोगी प्रभाव को स्पष्ट कीजिए। 1+1=2

**9.** हानिकारक जीवाणुओं के आर्थिक महत्व का संक्षेप में वर्णन कीजिए। 2

**अथवा** वाष्पोत्सर्जन की परिभाषा लिखिए। यह पौधे के लिए क्यों आवश्यक है ? समझाइए। ½+1½=2

**10.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 1+1=2

(अ) फर्न प्रोथैलस　(ब) ग्रीनहाउस प्रभाव।

**अथवा मॉस** के स्पोरोफाइट की संरचना का वर्णन कीजिए। 2

**11.** ओजोन परत को हानि पहुँचाने वाले प्रदूषकों का विवरण दीजिए। पृथ्वी पर जीवन के लिए ओजोन परत का क्या महत्व है ? 1+1=2

**12.** यूलोथ्रिक्स तथा स्पाइरोगाइरा के लैंगिक जनन की तुलना कीजिए। 2

**अथवा** एक प्रयोग की सहायता से मूलदाब का वर्णन कीजिए। 2

**13.** निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 2½+2½=5

(अ) फाइटोक्रोम　(ब) जिबरेलिन

**अथवा** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर संक्षिप्त टिप्पणियाँ लिखिए :

(अ) पेरीस्टोम　(ब) कटोरिया (सायथियम)　(स) भूमंडलीय ऊष्मायन।

**14.** लेग्यूमिनोसी कुल के विभेदक लक्षणों का वर्णन कीजिए। इस कुल के तीनों उपकुलों को आप कैसे विभेदित करेंगे ? इसका पुष्प सूत्र तथा पुष्प आरेख दीजिए। 3+1+1=5

**अथवा** आपके द्वारा पठित वर्गीकरण पद्धति के अनुसार निम्नलिखित को वर्गीकृत कीजिए : 1+1=1=1+1=5

(अ) प्याज　(ब) खीरा　(स) सूरजमुखी　(द) गुड़हल　(इ) आलू।

**15.** जैव-भू-रसायन चक्रण से आप क्या समझते हैं ? नाइट्रोजन चक्र में सूक्ष्मजीवों की भूमिका स्पष्ट कीजिए। 2+3=5

**अथवा** एंजाइम की क्रियाविधि का वर्णन कीजिए। विभिन्न प्रकार के कारकों का एंजाइम की क्रियाविधि पर पड़ने वाले प्रभावों का वर्णन कीजिए। 2+3=5